# विश्वेश्वरय्या राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, नागपुर

# ग्रंथालय वाणी

**पुस्तकालय समाचार पत्र**

**जुलाई - दिसंबर 2025**

**खंड II, अंक: II**



मुझे जुलाई–दिसंबर 2025 के लिए हमारे पुस्तकालय समाचार-पत्र “ग्रंथालय-वाणी” के खंड II, अंक II को प्रस्तुत करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। संसाधनों के विस्तार एवं अध्ययन सहायता प्रणाली को सुदृढ़ बनाकर पुस्तकालय हमारे शैक्षणिक मिशन को आगे बढ़ाने में निरंतर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मैं पुस्तकालय टीम के समर्पित प्रयासों की सराहना करता हूँ तथा संस्थान के सभी सदस्यों को इस अंक में प्रस्तुत सेवाओं और पहल में सक्रिय रूप से सहभागिता करने के लिए प्रोत्साहित करता हूँ।

**प्रो. (डॉ.) प्रेमलाल पटेल**
**निदेशक**



मुझे पुस्तकालय समाचार पत्र के नवीनतम अंक के लिए यह संदेश साझा करते हुए खुशी का अनुभव हो रहा है। जुलाई–दिसंबर 2025 के दौरान विशेष रूप से शैक्षणिक सहयोग को सुदृढ़ करने तथा अध्ययन संसाधनों तक पहुँच में सुधार के लिए किए गए प्रयास सराहनीय हैं। मैं शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति पुस्तकालय की प्रतिबद्धता की सराहना करता हूँ तथा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से आग्रह करता हू कि वे इस अंक में प्रस्तुत संसाधनों का पूर्ण रूप से उपयोग करें।

**डॉ. वी. आर. कलमकर, संकायाध्यक्ष**
**(शैक्षिक)**



मुझे पुस्तकालय समाचार-पत्र के इस अंक में अपना योगदान देते हुए प्रसन्नता हो रही है। जुलाई–दिसंबर 2025 के दौरान किए गए विकास कार्य, प्रौद्योगिकी के एकीकरण, डिजिटल संसाधनों के सुदृढ़ीकरण तथा उपयोगकर्ता अनुभव में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाते हैं। मैं पुस्तकालय टीम के प्रयासों की सराहना करती हूँ तथा पाठकों को इस अंक में प्रस्तुत सामग्री का अवलोकन करने के लिए अनुरोध करती हूँ।

**डॉ. अनुपमा कुमार**
**सह संकायाध्यक्ष (ईटी एंड एलएस)**



# परिचय

## पुस्तकालय एवं सूचना संसाधन केंद्र

पिछले छह दशकों से अधिक समय से वीएनआईटी पुस्तकालय एवं सूचना संसाधन केंद्र शैक्षणिक उत्कृष्टता का एक मजबूत स्तंभ रहा है, जो विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों के  ज्ञान और अनुसंधान संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करता आ रहा है। एक प्रमुख संसाधन केंद्र के रूप में यह विभिन्न विषयों में बौद्धिक विकास एवं शैक्षणिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पुस्तकालय में पुस्तकों, पत्रिकाओं, ई-संसाधनों एवं डिजिटल डेटाबेस का विशाल एवं विविध संग्रह उपलब्ध है, जिसे शैक्षणिक आवश्यकताओं की व्यापक श्रृंखला  को ध्यान में रखते हुए सुव्यवस्थित रूप से संकलित किया गया है। पुस्तकालय सेवाए निम्नलिखित अनुभागों के माध्यम से संचालित की जाती हैं:

- परिचालन अनुभाग
- तकनीकी प्रसंस्करण अनुभाग
- संदर्भ अनुभाग
- समाज कल्याण पुस्तक पेढी अनुभाग
- नियतकालिक अनुभाग

6. अधिग्रहण अनुभाग
7. पुस्तक पेढी अनुभाग
8. बाउंड वॉल्यूम अनुभाग
9. अल्प उपयोग पुस्तक  अनुभाग

एक साथ मिलकर, ये अनुभाग मजबूत और उत्तरदायी शैक्षणिक ढांचे में योगदान देते हैं, जो VNIT समुदाय की आवश्यकताओं के अनुसार लगातार विकसित होता रहता है।

## पुस्तकालय सलाहकार समिति



**डॉ. वी. आर. कलमकर**
**संकायाध्यक्ष (शैक्षिक)**
**अध्यक्ष**



**डॉ. आर. एस. सोनपरोते**
**संकायाध्यक्ष**
**(योजना एवं विकास) - सदस्य**



**एस. एस. जगदाले**
**कुलसचिव**
**सदस्य**



**डॉ. अनुपमा कुमार**
**सह संकायाध्यक्ष (ईटी एंड एलएस) सदस्य**



**डॉ. पूनम शर्मा**
**सह संकायाध्यक्ष(आईटी)**
**सदस्य**



**डॉ. जमील अंसारी**
**ओएसडी, पुस्तकालय - संयोजक और सदस्य**



**पूनम हारोडे**
**सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष**
**सदस्य**

# एक दिवसीय कार्यशाला
# “अंतरराष्ट्रीय प्रकाशकों के लिए पुस्तक प्रकाशन एवं लेखन के प्रति जागरूकता”









विश्वेश्वरय्या राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (वीएनआईटी), नागपुर द्वारा शनिवार, 26 जुलाई 2025 को “अंतरराष्ट्रीय प्रकाशकों के लिए पुस्तक प्रकाशन एवं लेखन के प्रति जागरूकता” विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संयुक्त रूप से आयोजन पुस्तकालय एवं सूचना संसाधन केंद्र तथा संकायाध्यक्ष(अंतरराष्ट्रीय एवं पूर्व छात्र कार्य) कार्यालय द्वारा किया गया। यह कार्यशाला संस्थान परिसर स्थित मल्टी-एक्टिविटी सेंटर में आयोजित की गई, जिसमें वीएनआईटी एवं अन्य संस्थानों के 53 शिक्षकों, शोधकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की।उद्घाटन सत्र की शुरुआत डॉ. अनुपमा कुमार, सह संकायाध्यक्ष (ET&LS) के स्वागत भाषण से हुई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. मोहन लाल कोल्हे, प्रतिष्ठित प्रोफेसर, यूनिवर्सिटी ऑफ एगडर, नॉर्वे सहित अन्य गणमान्य अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया गया। डॉ. वी. आर. कलमकर, संकायाध्यक्ष(शैक्षणिक) तथा डॉ. के. एम. भुरचंडी, संकायाध्यक्ष(अंतरराष्ट्रीय एवं पूर्व छात्र कार्य) ने अपने विचार व्यक्त किए। उद्घाटन सत्र का समापन प्रो. कोल्हे के प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक संबोधन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने शैक्षणिक प्रकाशन में वैश्विक प्रवृत्तियों पर प्रकाश डाला।

तकनीकी सत्रों में प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रकाशकों के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किए गए:

• **श्री राजेश डे**, वरिष्ठ कमीशनिंग संपादक, टेलर एंड फ्रांसिस ने वैश्विक पाठकों के लिए प्रकाशन अवसरों एवं हस्तलेख तैयार करने पर चर्चा की।

• **श्री हेमंत के. झा**, प्रमुख, उच्च शिक्षा उत्पाद, मैकग्रा-हिल ने शैक्षणिक सामग्री विकास एवं बाजार पहुंच के बारे में जानकारी और अनुभव साझा किए।

• **डॉ. दीपक सूर्यवंशी**, सह-संपादक, एप्लाइड एंड इंजीनियरिंग साइंसेज, स्प्रिंगर नेचर ने पुस्तक लेखन पर एक व्यावहारिक कार्यशाला का संचालन किया, जिसमें प्रतिभागियों को पुस्तक प्रस्ताव तैयार करने एवं प्रस्तुत करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया।

• **श्री केदार मुर्देश्वर,** अकाउंट डेवलपमेंट एवं इवेंट्स मैनेजर, स्प्रिंगर नेचर ने ओपन एक्सेस प्रकाशन पर मुख्य व्याख्यान प्रस्तुत किया तथा शोध प्रकाशन में अवसरों एवं नैतिक मानकों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का समापन फीडबैक सत्र के साथ हुआ, प्रमाणपत्र वितरण एवं अल्पाहार के साथ हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षाविदों एवं नव-प्रवेशी शोधकर्ताओं को लेखन, प्रकाशन तथा प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रकाशकों के साथ सहयोग की प्रक्रिया से सशक्त बनाना तथा भारतीय अकादमिक जगत से वैश्विक ज्ञान प्रणाली में गुणवत्तापूर्ण योगदान को प्रोत्साहित करना था।

इस कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु पुस्तकालय टीम के श्री सुहास भोपाले, श्री अमित कुमार, श्री विपिन कुमार, श्री नितिन धवले, पुस्तकालय सहयोगियों एवं प्रशिक्षुओं ने सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष श्रीमती पूनम हारोडे तथा डॉ. जमील अंसारी, ओएसडी, पुस्तकालय के मार्गदर्शन में परिश्रम किया।













# राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस

## सूचना साक्षरता सत्र

## “साहित्यिक चोरी (प्लेज़रिज़्म) एवं अनुसंधान नैतिकता”






राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस के अवसर पर, वीएनआईटी के पुस्तकालय एवं सूचना संसाधन केंद्र द्वारा प्रथम वर्ष के पीएच.डी. शोधार्थियों के लिए “साहित्यिक चोरी एवं अनुसंधान नैतिकता” विषय पर एक सूचना साक्षरता सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत में पुस्तकालय विज्ञान के जनक पद्मश्री डॉ. एस. आर. रंगनाथन की 133वीं जयंती पर उनके समर्पण एवं अमूल्य योगदान की स्मृति में आयोजित किया गया। यह सत्र 12 अगस्त 2025 को सायं 4:00 बजे से 5:30 बजे तक सिविल अभियांत्रिकी विभाग के स्मार्ट कक्ष में आयोजित हुआ। यह सत्र अनुसंधान कार्यप्रणाली पाठ्यक्रम का एक अभिन्न अंग था, जिसका उद्देश्य शोधार्थियों में शैक्षणिक ईमानदारी एवं जागरूकता को बढ़ावा देना था। इसमें प्रथम वर्ष के 94 पीएच.डी. शोधार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और सत्र की ज्ञानवर्धक एवं सूचनात्मक सामग्री से अत्यधिक लाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अनुपमा कुमार, सह-संकायाध्यक्ष (ET&LS) के स्वागत भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस के महत्व एवं डॉ. रंगनाथन की विरासत पर प्रकाश डाला। उन्होंने अनुसंधान कार्यप्रणाली के संदर्भ में सत्र के विषय की प्रासंगिकता को भी रेखांकित किया।

इसके पश्चात अनुसंधान कार्यप्रणाली के पाठ्यक्रम समन्वयक एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. टी. वी. के. गुप्ता ने विषय विशेषज्ञ वक्ता डॉ. मंजू दुबे, पुस्तकालयाध्यक्ष, आर. एस. मुंडले धरमपेठ कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय का औपचारिक स्वागत किया। अपने संबोधन में डॉ. गुप्ता ने शैक्षणिक लेखन में साहित्यिक चोरी एवं अनुसंधान नैतिकता को समझने के अत्यंत महत्व को रेखांकित किया। श्रीमती पूनम हारोडे द्वारा वक्ता का परिचय कराए जाने के पश्चात डॉ. मंजू दुबे ने एक रोचक एवं विचारोत्तेजक व्याख्यान प्रस्तुत किया।

उनके सत्र में साहित्यिक चोरी एवं अनुसंधान नैतिकता के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया, जिसमें कॉपीराइट, फेयर यूज़, तथ्यों की विकृति, गढ़ंत निर्माण तथा साहित्यिक चोरी से संबंधित संस्थागत नीतियों आदि प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई। उन्होंने वैश्विक स्तर पर रिपोर्ट किए गए साहित्यिक चोरी के मामलों के उदाहरणों के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए, जिससे सत्र अत्यंत प्रभावशाली एवं व्यावहारिक बन गया।

उनके सत्र से प्राप्त मुख्य संदेश – निरोध (Deterrence), पहचान (Detection) तथा समाधान (Dealing) – को वैज्ञानिक लेखन में शैक्षणिक एवं व्यावसायिक ईमानदारी बनाए रखने के प्रमुख स्तंभों के रूप में रेखांकित किया गया।

सम्मान स्वरूप, डॉ. अनुपमा कुमार ने वीएनआईटी की ओर से डॉ. मंजू दुबे को स्मृति चिन्ह एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया। डॉ. अनुपमा कुमार एवं डॉ. गुप्ता दोनों ने विषय के महत्व पर अपने विचार साझा किए तथा वक्ता को उनके मूल्यवान योगदान के लिए धन्यवाद दिया।

सत्र का समापन एक संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर डॉ. मंजू दुबे द्वारा संतोषजनक रूप से दिया गया। प्रतिभागियों की प्रतिक्रियाए प्राप्त करने हेतु एक फीडबैक फॉर्म भी वितरित किया गया।

धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती पूनम हारोडे द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की तथा सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। श्रीमती पूनम हारोडे एवं डॉ. जमील अंसारी के मार्गदर्शन में पुस्तकालय टीम – जिसमें श्री सुहास भोपाले, श्री विपिन कुमार, श्री दीपक खरोले एवं प्रीति पिल्लई शामिल थे – द्वारा सफलतापूर्वक समन्वय किया गया। सत्र का सुव्यवस्थित संचालन श्री सुहास भोपाले द्वारा किया गया, जिससे कार्यक्रम सुचारू एवं प्रभावी रूप से संपन्न हुआ।









# पुस्तकालय सेवाएँ

## नवीनीकरण

- **स्कोपस (Scopus)**: स्कोपस एल्सेवियर द्वारा विकसित एक विशाल, बहु-विषयक सार एवं संदर्भ (एब्स्ट्रैक्ट एवं साइटेशन) डेटाबेस है, जो सहकर्मी-समीक्षित शोध साहित्य जैसे पत्रिका लेख, पुस्तकें तथा सम्मेलन कार्यवृत्त तक पहुँच प्रदान करता है। इसमें शोध प्रभाव को ट्रैक करने, विश्लेषण करने एवं प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न उपकरण उपलब्ध हैं, जिससे यह शोधकर्ताओं के लिए साहित्य खोजने, शोध मूल्यांकन करने तथा CiteScore एवं H-index जैसे संदर्भ मापदंडों को समझने में अत्यंत उपयोगी बन जाता है। यह विज्ञान, प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, सामाजिक विज्ञान तथा कला एवं मानविकी जैसे विषयों में सहकर्मी-समीक्षित पत्रिकाओं, सम्मेलन कार्यवृत्तों एवं पुस्तकों का विशाल संग्रह प्रदान करता है। स्कोपस में पत्रिकाओं की गुणवत्ता के मूल्यांकन हेतु CiteScore, SJR एवं SNIP जैसे सूचकांक शामिल हैं।
- **टर्निटिन (Turnitin)**: टर्निटिन एक साहित्यिक चोरी पहचान सॉफ्टवेयर है, जिसका व्यापक रूप से शैक्षणिक संस्थानों में उपयोग किया जाता है। यह प्रस्तुत दस्तावेजों की तुलना, विशाल शैक्षणिक प्रकाशनों, वेब सामग्री एवं पूर्व में जमा किए गए शोधपत्रों के डेटाबेस से करके शैक्षणिक लेखन की मौलिकता सुनिश्चित करने में सहायता करता है। यह एआई द्वारा उत्पन्न पाठ से समानता की भी जाच करता है। टर्निटिन की सदस्यता आगामी तीन वर्षों के लिए नवीनीकृत की गई है।
- **माय लॉफ्ट (MyLOFT)**: माय लॉफ्ट (My Library On Fingertips) एक वन-सर्च रिमोट एक्सेस प्लेटफॉर्म एवं मोबाइल ऐप है, जो उपयोगकर्ताओं को संस्थान द्वारा सदस्यता प्राप्त ई-संसाधनों जैसे पत्रिकाएँ , ई-बुक्स एवं डेटाबेस खोजने, उपयोग करने, सुरक्षित रखने तथा व्यवस्थित करने की सुविधा प्रदान करता है। यह मोबाइल, वेब एवं ब्राउज़र एक्सटेंशन के माध्यम से निर्बाध पहुँच उपलब्ध कराता है तथा ऑफलाइन रीडिंग, टैगिंग एवं एआई आधारित सामग्री सुझाव जैसी सुविधाएं प्रदान करता है। इसकी सदस्यता एक वर्ष के लिए नवीनीकृत की गई है।

## नई सदस्यता

- **मैथसाइनेट (MathSciNet)**: मैथसाइनेट अमेरिकन मैथमेटिकल सोसाइटी द्वारा विकसित एक प्रमुख ग्रंथसूची डेटाबेस है, जो गणित से संबंधित शैक्षणिक साहित्य के लिए प्रामाणिक समीक्षाए, सारांश एवं संदर्भ (साइटेशन) डेटा प्रदान करता है। यह गणितज्ञों के लिए एक आवश्यक शोध उपकरण है, जो उन्नत अध्ययन, साहित्य खोज एवं संदर्भ ट्रैकिंग में सहायता करता है।
- इंजीनियरिंग मानक (Engineering Standards): प्रयोगशालाओं की गुणवत्ता एवं परीक्षण क्षमताओं को एनएबीएल मान्यता के अनुरूप सुदृढ़ करने हेतु मैकेनिकल, माइनिंग, मेटलर्जिकल तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन विभागों से इंजीनियरिंग मानकों की खरीद हेतु अनुरोध प्राप्त हुआ। इसके अनुसार संबंधित इंजीनियरिंग मानकों की खरीद कर उन्हें पीडीएफ प्रारूप में संबंधित विभागों को उपलब्ध कराया गया। ये मानक विभिन्न उद्योगों में सामग्री, उत्पादों एवं प्रक्रियाओं की सुरक्षा, गुणवत्ता, निरंतरता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करने हेतु तकनीकी दिशानिर्देश एवं विनिर्देश प्रदान करते हैं।
- **एंडनोट (EndNote)**: एंडनोट एक संदर्भ प्रबंधन सॉफ्टवेयर है, जो शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों एवं शिक्षाविदों को स्रोतों को व्यवस्थित करने, संदर्भ सम्मिलित करने तथा विभिन्न शैलियों (जैसे APA, MLA आदि) में ग्रंथसूची तैयार करने में सहायता करता है। यह व्यक्तिगत संदर्भ लाइब्रेरी बनाकर, डेटाबेस से जानकारी आयात करके एवं दस्तावेजों में स्वतः संदर्भ प्रारूपण करके भारी शोध कार्य को सरल बनाता है।
- **आईडब्ल्यूएपी (IWAP)**: इंटरनेशनल वाटर एसोसिएशन (IWA) पब्लिशिंग जल, अपशिष्ट जल एवं पर्यावरणीय अनुसंधान में विशेषज्ञता रखने वाला एक प्रमुख वैश्विक प्रकाशक है। यह उच्च गुणवत्ता वाली सहकर्मी-समीक्षित पत्रिकाएँ, पुस्तकें एवं डिजिटल संसाधन प्रकाशित करता है, जो जल विज्ञान एवं प्रबंधन में शोध, नीति एवं व्यावसायिक अभ्यास को समर्थन प्रदान करते हैं। पुस्तकालय ने IWAP रीड एंड पब्लिश (2026) मॉडल की सदस्यता ली है, जिसके अंतर्गत 14 पत्रिकाओं तक पहुँच एवं इनमें असीमित प्रकाशन की सुविधा उपलब्ध है। इस सदस्यता के अंतर्गत प्रकाशन हेतु कोई लेख प्रसंस्करण शुल्क (APC) नहीं लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, IWAP द्वारा 800 से अधिक ई-बुक्स की निःशुल्क पहुँच भी प्रदान की जा रही है।
- **मैकग्रा-हिल (McGraw-Hill)**: रसायन विज्ञान, विद्युत, रासायनिक एवं यांत्रिक अभियांत्रिकी से संबंधित कुल 58 ई-बुक शीर्षक मैकग्रा-हिल से क्रय किए गए हैं। इनकी सदस्यता 7 वर्षों के लिए मान्य है तथा इन तक पहुँच परिसर आईपी प्रमाणीकरण एवं माय लॉफ्ट के माध्यम से रिमोट एक्सेस द्वारा प्रदान की जाती है।



## पुस्तकालय कर्मचारियों द्वारा सम्मिलित कार्यशाला

श्री अमित कुमार ने स्वयम् (SWAYAM) पोर्टल के माध्यम से 5 पीएच.डी. पाठ्यक्रम परीक्षाए सफलतापूर्वक पूर्ण की हैं तथा उन्हें एनपीटीईएल स्टार (NPTEL STAR) की मान्यता प्राप्त हुई है। इस उपलब्धि के सम्मान स्वरूप, आईआईटी बॉम्बे द्वारा उन्हें 19 जुलाई को आयोजित विशेष कार्यक्रम “एनपीटीईएल स्टार्स इंटरएक्टिव सत्र” में आमंत्रित किया गया।
स्वयम् (Study Webs of Active-Learning for Young Aspiring Minds) भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया एक राष्ट्रीय ऑनलाइन शिक्षण मंच है, जो देशभर के शिक्षार्थियों को निःशुल्क एवं संवादात्मक मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स (MOOCs) प्रदान करता है

# अनुसंधान में एआई उपकरण



## Napkin




Napkin.ai एआई-संचालित एक अत्यंत प्रभावी दृश्य निर्माण उपकरण है, जो शोधकर्ताओं एवं शिक्षकों को जटिल पाठ्य डेटा को सरल, आकर्षक एवं समझने योग्य प्रारूपों में बदलने में सहायता करता है। इसके माध्यम से फ्लोचार्ट, इन्फोग्राफिक्स, कॉन्सेप्ट मैप्स तथा आरेख जैसे दृश्य रूप तैयार किए जा सकते हैं। यह उपकरण स्वचालित रूप से संपादन योग्य एवं प्रकाशन-योग्य ग्राफिक्स तैयार करता है तथा उपयोगकर्ताओं को दस्तावेजों या प्रस्तुतियों से शोध सामग्री दर्ज करने अथवा आयात करने की सुविधा प्रदान करता है।

सामान्य दृश्यकरण कार्यों से लेकर सहयोगात्मक शैक्षणिक परियोजनाओं तक, जिनमें विस्तृत दृश्य प्रलेखन की आवश्यकता होती है, Napkin.ai विविध प्रकार की शोध आवश्यकताओं को पूरा करता है। इसकी उपयोगकर्ता-अनुकूल इंटरफेस एवं एआई-सहायित डिज़ाइन क्षमताए इसे शैक्षणिक लेखन, प्रस्तुतियों तथा ज्ञान-साझाकरण के लिए एक उपयोगी उपकरण बनाती हैं, जिससे शोधकर्ता अपने निष्कर्षों, वैचारिक ढांचा एवं डेटा अंतर्दृष्टि को अधिक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर सकते हैं।

Source: https://www.napkin.ai/

## ResearchRabbit™



ResearchRabbit एआई-संचालित एक शोध खोज मंच है, जिसे विद्वानों एवं शिक्षाविदों को साहित्य समीक्षा अधिक प्रभावी एवं रणनीतिक रूप से करने में सहायता प्रदान करने के लिए विकसित किया गया है। यह शोधकर्ताओं को लेखकों, विषयों एवं शोध क्षेत्रों के बीच संबंध दर्शाकर वैज्ञानिक शोध पत्रों को खोजने, व्यवस्थित करने तथा दृश्य रूप में प्रस्तुत करने की सुविधा देता है।

पारंपरिक डेटाबेस के विपरीत, ResearchRabbit एक इंटरएक्टिव "रिसर्च ग्राफ" प्रदान करता है, जो शोध पत्रों के बीच संबंधों को दर्शाता है, जिससे उपयोगकर्ता प्रभावशाली अध्ययनों, उभरती प्रवृत्तियों एवं प्रासंगिक संदर्भों की पहचान कर सकते हैं। यह मंच उपयोगकर्ताओं को संग्रह बनाने, व्यक्तिगत सुझाव प्राप्त करने तथा चयनित पठन सूचियों को साझा कर सहकर्मियों के साथ सहयोग करने की सुविधा भी प्रदान करता है।

इसका एआई उपयोगकर्ता की शोध रुचियों के आधार पर लगातार अपने सुझावों को परिष्कृत करता रहता है, जिससे साहित्य समीक्षा प्रक्रिया अधिक तेज़ एवं ज्ञानवर्धक बन जाती है। ResearchRabbit, Zotero जैसे संदर्भ प्रबंधन उपकरणों के साथ एकीकृत होता है तथा अनेक शैक्षणिक क्षेत्रों का समर्थन करता है, जिससे यह छात्रों, शोधकर्ताओं एवं शिक्षाविदों के लिए एक अत्यंत उपयोगी साधन बन जाता है, जो अपनी खोज प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने एवं अपने अध्ययन क्षेत्र में नवीनतम विकास से अद्यतन रहने का प्रयास करते हैं।

Source: https://www.researchrabbit.ai/

**EMPOWERING YOU WITH THE FUTURE OF AI.**

**SCAN HERE >**



# पुस्तकालय अनुभाग

संक्षेप में

## पुस्तक अधिग्रहण

अधिग्रहण अनुभाग पुस्तकालय के संग्रह के विकास की देखरेख करता है, जिसमें पुस्तकों एवं अन्य शैक्षणिक सामग्रियों की खरीद, भेंट की गई पुस्तकों का प्रबंधन तथा शोध प्रबंध एवं शोध प्रबंधों (थीसिस एवं डिसर्टेशन) का प्रबंधन शामिल है। इसके प्रमुख दायित्वों में संकाय सदस्यों से पुस्तकों की अनुशंसा आमंत्रित करना, दोहराव की जाँच करना, विक्रेताओं से मूल्य सूची एकत्र करना तथा सर्वोत्तम वित्तीय प्रस्ताव के आधार पर आदेश देना शामिल है।

यह अनुभाग नई सामग्रियों को प्राप्त कर उनका प्रसंस्करण करता है, अधिग्रहण का अभिलेख रखता है तथा बिलों के भुगतान का कार्य भी संभालता है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी सामग्री संग्रह में शामिल करने से पूर्व विधिवत प्रलेखित हों। दान में प्राप्त पुस्तकों एवं शोध प्रबंधों का मूल्यांकन पुस्तकालय की नीतियों के अनुसार किया जाता है तथा उन्हें संबंधित अनुभागों में सम्मिलित किया जाता है।

## कैटलॉगिंग / तकनीकी प्रसंस्करण

तकनीकी अनुभाग पुस्तकालय संचालन की रीढ़ है, जो यह सुनिश्चित करता है कि प्राप्त नई सामग्री उपयोगकर्ताओं तक पहुँचाने से पहले उचित रूप से प्रसंस्कृत की जाए। यह पुस्तकालय के सुचारू संचालन के लिए संसाधनों को व्यवस्थित, तैयार एवं संरक्षित करता है।

यह अनुभाग सूचीकरण (कैटलॉगिंग) एवं अन्य प्रमुख तकनीकी कार्यों का प्रबंधन करता है, जिसके माध्यम से सामग्री को अधिग्रहण से लेकर शेल्फ पर रखने योग्य स्थिति तक पहुचाया जाता है। इसके दायित्वों में पुस्तकालय प्रबंधन सॉफ्टवेयर (LMS) में नई सामग्रियों का वर्गीकरण एवं सूचीकरण करना, ग्रंथसूची विवरण दर्ज करना तथा कॉल नंबर, स्पाइन लेबल एवं RFID टैग निर्धारित करना शामिल है।

यह LIBSYS प्रणाली में अधिग्रहण, सूचीकरण, परिपत्र, पत्रिका एवं संदर्भ जैसे विभिन्न मॉड्यूलों के बैकएंड कार्यप्रवाह की निगरानी भी करता है। इसके अतिरिक्त, यह अनुभाग लेबलिंग, बाइंडिंग एवं क्षतिग्रस्त सामग्री की मरम्मत जैसे भौतिक प्रसंस्करण कार्यों को भी संभालता है, जिससे सामग्री की खोज आसान एवं दीर्घकालिक संरक्षण सुनिश्चित हो सके।

## परिचालन

परिपत्र अनुभाग (सर्कुलेशन सेक्शन) पुस्तकालय का अग्रिम सेवा केंद्र है, जो पुस्तकों के आदान-प्रदान का प्रबंधन करता है तथा सभी उपयोगकर्ताओं को संसाधनों तक सुचारू पहुँच सुनिश्चित करता है। यह सुव्यवस्थित अभिलेख-रखरखाव एवं उपयोगकर्ता सहायता के माध्यम से पुस्तकालय के कुशल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

यह अनुभाग कई प्रमुख सेवाओं का संचालन करता है, जिनमें नए सदस्यों का पंजीकरण तथा मौजूदा सदस्यों की सदस्यता का नवीनीकरण शामिल है। यह पुस्तकों के निर्गमन, पुनः निर्गमन एवं वापसी के साथ-साथ पहले से जारी पुस्तकों के आरक्षण की व्यवस्था भी करता है। प्रणाली द्वारा परिपत्र गतिविधियों से संबंधित विभिन्न स्वचालित ईमेल सूचनाएँ भी भेजी जाती हैं।

सामाजिक कल्याण पुस्तक बैंक योजना (SWBB) के अंतर्गत पात्र विद्यार्थियों को पूरे सेमेस्टर के लिए पुस्तकें प्रदान की जाती हैं। यह अनुभाग विलंब से लौटाई गई पुस्तकों पर लगने वाले जुर्माने की वसूली करता है तथा खोई या क्षतिग्रस्त पुस्तकों के प्रतिस्थापन अथवा लागत वसूली की प्रक्रिया का भी प्रबंधन करता है। इसके अतिरिक्त, यह सदस्यों को अदेयता प्रमाणपत्र जारी करने की सुविधा भी प्रदान करता है।

## सामाजिक कल्याण

सामाजिक कल्याण पुस्तक बैंक (SWBB) अनुभाग बी.टेक. कार्यक्रम के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (SC/ST) के विद्यार्थियों को आवश्यक पुस्तकें प्रदान कर सहयोग देने के लिए समर्पित है। यह योजना शैक्षणिक समानता को बढ़ावा देने तथा सभी पात्र विद्यार्थियों को आवश्यक अध्ययन-संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

पुस्तकों के निर्गमन की प्रक्रिया वर्ष में दो बार आयोजित की जाती है—अगस्त में विषम सेमेस्टर की शुरुआत में तथा जनवरी में सम सेमेस्टर की शुरुआत में। प्रत्येक पात्र विद्यार्थी को प्रति सेमेस्टर अधिकतम दस पुस्तकें उधार लेने की अनुमति होती है, जिन्हें सेमेस्टर परीक्षाओं के पश्चात लौटाना अनिवार्य होता है।

SWBB अनुभाग विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। यह पहल सामाजिक न्याय, समावेशी शिक्षा तथा वंचित वर्गों के उत्थान के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# पुस्तकालय अनुभाग

संक्षेप में

## पत्रिकाए / सामयिकी

पत्रिका अनुभाग में जर्नल, पत्रिकाएँ, न्यूज़लेटर तथा अन्य धारावाहिक प्रकाशनों के वर्तमान एवं पूर्व अंक का विविध संग्रह उपलब्ध है। इस अनुभाग में प्रिंट तथा इलेक्ट्रॉनिक दोनों स्वरूपों में अंतरराष्ट्रीय जर्नलों की विस्तृत श्रृंखला शामिल है। इसके अतिरिक्त, इसमें VNIT एवं अन्य संगठनों की विभिन्न पत्रिकाएँ और न्यूज़लेटर भी सम्मिलित हैं।

हम शैक्षणिक एवं अनुसंधान आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अपने जर्नल सदस्यता और पठन सामग्री को निरंतर अद्यतन करते रहते हैं। ONOS के माध्यम से 31 प्रकाशक 13 हजार से अधिक जर्नल उपलब्ध करा रहे हैं, जबकि अतिरिक्त शीर्षक VNIT पुस्तकालय द्वारा उपलब्ध करवाए जाते हैं।

यह अनुभाग उपयोगकर्ताओं को उनके क्षेत्र में नवीनतम जानकारी एवं हालिया विकास उपलब्ध कराकर अनुसंधान कार्यों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## पुस्तक बैंक

पुस्तक बैंक अनुभाग पुस्तकालय भवन की पहली मंज़िल पर बाईं ओर स्थित है। इस अनुभाग में लगभग 28,500 पुस्तकें संग्रहित हैं। पुस्तक बैंक क्षेत्र खिड़कियों के माध्यम से पर्याप्त प्राकृतिक प्रकाश से सुसज्जित है, जिससे एक आरामदायक एवं अनुकूल पठन वातावरण निर्मित होता है।

## संदर्भ

संदर्भ अनुभाग एक विशेष क्षेत्र है, जहाँ केवल संदर्भ उद्देश्य हेतु सामग्री उपलब्ध होती है। इसमें मानक संदर्भ स्रोत जैसे– शब्दकोश, हैंडबुक, सामान्य संदर्भ पुस्तकें, सम्मेलन कार्यवृत्त, संगोष्ठी कार्यवृत्त, कार्यशाला कार्यवृत्त, सर्वेक्षण अनुसंधान रिपोर्ट, व्याख्यान नोट्स, एटलस, मार्गदर्शिका, गजेटियर, डेटा पुस्तिकाएँ, मैनुअल, GATE पुस्तकें, वर्षपुस्तकें, वार्षिक प्रतिवेदन, विश्वकोश, ग्रंथसूची, IS/BS कोड, शोध प्रबंध (थीसिस) तथा शोध प्रबंधिका (डिसर्टेशन) आदि शामिल हैं।

इन स्रोतों को घर ले जाने हेतु निर्गमित नहीं किया जाता है। उपयोगकर्ता इनका अध्ययन केवल संदर्भ अनुभाग में ही कर सकते हैं।

संदर्भ अनुभाग की सेवाओं में समाचार पत्र कतरनों का संकलन तथा INFLIBNET केंद्र द्वारा संचालित शोधगंगा और शोधगंगोत्री पोर्टल पर पीएच.डी. शोधप्रबंध तथा एम.एससी./एम.टेक. डिसर्टेशन अपलोड करना शामिल है।

## बाउंड वॉल्यूम

वीएनआईटी पुस्तकालय का बाउंड वॉल्यूम अनुभाग पूर्व में प्रकाशित एकल-अंकों वाली पत्रिकाओं एवं जर्नलों को सुरक्षित रूप से बांधकर दीर्घकालीन अभिलेखीय संरक्षण एवं भविष्य में संदर्भ हेतु संग्रहित करता है। बाउंड वॉल्यूम अनुभाग पुस्तकालय भवन की दूसरी मंज़िल पर स्थित है। इसमें इंडिया टुडे, द वीक, करंट साइंस, साइंस इंडिया, आईईईटीई, स्प्रिंगर सहित अनेक अन्य पत्रिकाओं एवं जर्नलों के बाउंड वॉल्यूम संग्रहित हैं।

## किताब कैसे खोजें?

पुस्तकालय वेब ओपैक (ऑनलाइन पब्लिक एक्सेस कैटलॉग) उपयोगकर्ताओं को किसी भी समय, कहीं से भी तथा किसी भी उपकरण के माध्यम से पुस्तकों की खोज करने की सुविधा प्रदान करता है। ओपैक के माध्यम से उपयोगकर्ता शीर्षक, लेखक, विषय अथवा की-वर्ड्स के आधार पर आवश्यक पुस्तकों को आसानी से खोज सकते हैं। प्रत्येक पुस्तक का पूर्ण ग्रंथसूची विवरण उपलब्ध होता है, जिसमें लेखक, प्रकाशक, संस्करण, वर्गीकरण संख्या, प्रतियों की संख्या तथा उनकी वर्तमान उपलब्धता स्थिति शामिल है। ओपैक पुस्तकों के भौतिक स्थान की जानकारी भी प्रदान करता है, जिन्हें यूनिवर्सल डेसिमल क्लासिफिकेशन (UDC) प्रणाली के अनुसार व्यवस्थित किया गया है।



https://vnitopac.libsys10.in/home/dashboard

प्रत्येक रैक के किनारों पर प्रदर्शित मार्गदर्शक चार्ट में वर्ग संख्या की श्रेणी अंकित होती है, जिससे उपयोगकर्ताओं को अलमारियों पर आवश्यक पुस्तकें शीघ्रता से खोजने में सहायता मिलती है। मुद्रित संसाधनों के अतिरिक्त, पुस्तकालय द्वारा सदस्यता प्राप्त ई-बुक्स भी ओपैक के माध्यम से उपलब्ध हैं, जिससे उपयोगकर्ता एक ही मंच से भौतिक एवं डिजिटल दोनों प्रकार के संग्रहों का सुविधाजनक रूप से अवलोकन कर सकते हैं।

समग्र रूप से, पुस्तकालय प्रामाणिक सूचना एवं संसाधनों तक पहुच प्रदान करके शिक्षण, अधिगम एवं अनुसंधान गतिविधियों के समर्थन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**पुस्तकालय वेब OPAC एक्सप्लोर करने के लिए स्कैन करें**

# पुस्तकालय: आंकड़े 2025

## कुल  पुस्तकालय फुटफॉल

**76327**

## कुल पुस्तक आदान प्रदान

**52655**

### पुस्तकालय फुटफॉल




### शोधगंगा पोर्टल पर अपलोड किए गए शोधप्रबंध




### संचलन सांख्यिकी




### संचलन सांख्यिकी



# पुस्तकालय गतिविधिया और उपलब्धिया




इंजीनियर्स दिवस




हिंदी पखवाड़ा



स्वच्छता शपथ



सतर्कता सप्ताह



भारतीय राष्ट्र गीत के 150वें वर्ष का स्मरण



संविधान दिवस










हिंदी पखवाड़ा







महापरिनिर्वाण दिवस




हर घर तिरंगा प्रदर्शनी



रेबीज़ जागरूकता सत्र

**पुस्तकालय एवं सूचना संसाधन केंद्र ने स्वच्छ भारत अभियान-2025 के अंतर्गत आयोजित सफाई अभियान में प्रथम स्थान प्राप्त किया।**

# पुस्तकालय टीम



प्रोफेसर (डॉ.) प्रेम लाल पटेल
निदेशक



डॉ. वी. आर. कलमकर
संकायाध्यक्ष (शैक्षिक)



डॉ. अनुपमा कुमार
सह संकायाध्यक्ष (ईटी एंड एलएस)



डॉ. जमील अंसारी
ओएसडी, पुस्तकालय



पूनम हारोड़े
सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष



विपिन कुमार
पुस्तकालय और सूचना सहायक



सुहास भोपाले
पुस्तकालय और सूचना सहायक



अमित कुमार
पुस्तकालय और सूचना सहायक



एस. वी. पोतदार
तकनीशियन एसजी-II



एम.डी. जायसवाल
तकनीशियन एसजी-II



नितिन धवले
असिस्टेंट एसजी-II

### पुस्तकालय सहयोगी

- कल्याणी के. पाटिल
- पुनम जी. सुरिन
- प्रीति पिल्लई
- स्नेहा गायकवाड
- दीपक खरोले
- मनीषा उइके
- अमित ठाकुर
- रुपाली अंबागडे
- पूजा भुजाडे
- श्रद्धा देशमुख
- रुपाली भांडारकर

### पुस्तकालय प्रशिक्षु

- मोनाली वाघमारे
- श्रेया आडगले
- अमित कुमार सलामे
- तनया सोयाम
- मोनिका प्रधान




*(Picture Credit: Nitin Dhawale)*

**ईमेल द्वारा संपर्क करें:**

प्रशासनिक संबंधी प्रश्नों एवं MyLOFT (पंजीकरण एवं पहुच) हेतु संपर्क करें: librarian@vnit.ac.in, pmharode@vnit.ac.in

पुस्तकों की खरीद से संबंधित प्रश्नों हेतु संपर्क करें: acquisitions@library.vnit.ac.in

ONOS, पत्रिकाओं एवं डेटाबेस से संबंधित प्रश्नों हेतु संपर्क करें: serials@library.vnit.ac.in

थीसिस एवं डिसर्टेशन अपलोड से संबंधित प्रश्नों हेतु संपर्क करें: reference@library.vnit.ac.in

पुस्तकालय ओपैक से संबंधित तकनीकी समस्याओं हेतु संपर्क करें: technical@library.vnit.ac.in

पुस्तकालय सदस्यता, जुर्माना भुगतान एवं अदेयता प्रमाणपत्र संबंधित प्रश्नों हेतु संपर्क करें: circulation@library.vnit.ac.in

**दूरभाष. :** 0712-280-1362/ 1667/ 1091/1092/ 1094/ 1096/ 1098

**वेबसाइट**: https://vnit.ac.in/library-and-information-center

**स्कैन करें और पुस्तकालय वेबसाइट देखें**

**स्कैन करें और पुराने पुस्तकालय समाचार-पत्र देखें**

**अपने पुस्तकालय से जुड़े रहें...!!**

**संपादक मंडल**

- डॉ. अनुपमा कुमार, संपादक
- डॉ. जमील अंसारी एवं पूनम एम. हारोड़े, सह-संपादक
- विपिन कुमार, सुहास भोपाल एवं अमित कुमार, डिज़ाइन एवं सामग्री